DGE3D2Y

**संकलित परीक्षा - II (2015-2016)**

**हिन्दी 'अ'**

**कक्षा -IX**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक :90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - **क, ख, ग, घ ।**

(2) **खंड क प्रश्न संज़्या 3 मुक्त पाठ** पर आधारित है।

(3) **चारों** खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** हैं।

(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

**खण्ड-क ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )**

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए :** 5

ईर्ष्या मानव के मन में पनपने वाला वह भाव है, जो दूसरों की उन्नति तथा उपलब्धि के कारण पैदा होती है। इससे व्यक्ति किसी-न-किसी रूप में खुद को दूसरे की तुलना में अयोग्य, अक्षम और कमतर पाकर अपना चैन-अमन अव्यवस्थित कर देता है। ईर्ष्या कुंठित करके मार्ग ही अवरुद्ध नहीं करती, कई प्रकार की बीमारियों को भी जन्म देती है। लेकिन इर्ष्या विष और अमृत दोनों ही है। यह हम पर ही निर्भर है कि हम इसका सेवन किस रूप में करते हैं। यदि हम विषरूप में करते हैं तो बाधाएँ ही बाधाएँ हैं। अगर अमृत रूप में करें तो यह छोटा सा जीवन उपलब्धियों का गुलदस्ता बन सकता है। ईर्ष्या के बगैर जीवन बिना रीढ़ की हड्डी के मानव शरीर की तरह है। ईर्ष्या जलाने का नहीं, सही दिशा में चलकर अपने मुकाम हासिल करने का नाम है। सकारात्मक ईर्ष्या जीवन की ऊर्जा का एक कैप्सूल है जिसके व्यावहारिक सेवन से हम आकांक्षाओं, कामनाओं और सपनों पर फतह हासिल कर सकते हैं।

(i) ईर्ष्या की उत्पत्ति का कारण है -

(क) स्वयं को दूसरे से कम पाना।

(ख) स्वयं को दूसरे से श्रेष्ठ मानना।

(ग) दूसरों की उन्नति की कामना करना।

(घ) असफलता का कारण जानना।

(ii) मनुष्य के जीवन पर ईर्ष्या के पड़ने वाले प्रभावों में शामिल नहीं है, -

(क) मनुष्य की सोच को अवरुद्ध करना।

(ख) मनुष्य की सोच को नकारात्मक बनाना।

(ग) मनुष्य की सोच को सकारात्मक बनाना।

(घ) मनुष्य की बीमारियों को दूर करना।

(iii) ईर्ष्या की तुलना की गई है -

(क) मनुष्य की बुद्धि से। (ख) मनुष्य की रीढ़ की हड्डी से।

(ग) मनुष्य की भावना से। (घ) मनुष्य के कर्म से।

(iv) ''ऊर्जा के कैप्सूल'' से आशय है -

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (क) ऊर्जा नामक दवा से भरा कैप्सूल।<br>(ख) मन में उत्साह भरने का साधन।<br>(ग) शरीर की ताकत बढ़ाने वाली सुई।<br>(घ) अपराधों को मिटाने वाला साधन।<br>(v) ''ईर्ष्या'' शब्द है, -<br>(क) तत्सम (ख) तद्भव<br>(ग) देशज (घ) आगत | |
| | 2 | **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यान पूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए।**<br>हम कौन थे, क्या हो गये हैं और क्या होंगे अभी,<br>आओ विचारें आज मिलकर ये समस्याएँ सभी।<br>यद्यपि हमें इतिहास अपना प्राप्त पूरा है नहीं,<br>हम कौन थे, इस ज्ञान को फिर भी अधूरा है नहीं।।<br>भू-लोक का गौरव, प्रकृति का पुण्य लीलास्थल कहाँ?<br>फैला मनोहर गिरि हिमालय और गंगाजल जहाँ।<br>सम्पूर्ण देशों से अधिक किस देश का उत्कर्ष है?<br>उसका कि जो ऋषिभूमि है, वह कौन? भारतवर्ष है।।<br>हाँ, वृद्ध भारतवर्ष ही संसार का सिरमौर है,<br>ऐसा पुरातन देश कोई विश्व में क्या और है?<br>भगवान की भव-भूतियों का यह प्रथम भण्डार है,<br>विधि ने किया नर-सृष्टि का पहले यहीं विस्तार है।।<br>यह पुण्यभूमि प्रसिद्ध है, इसके निवासी आर्य हैं,<br>विद्या, कला, कौशल्य सब के जो प्रथम आचार्य हैं,<br>सन्तान उनकी आज यद्यपि हम अधोगति में पड़े,<br>पर चिह्न उनकी उच्चता के आज भी कुछ हैं खड़े।।<br>(i) कवि उन समस्याओं के विषय में बात कर रहे हैं जो, -<br>(क) विद्या कला-कौशल की हैं।<br>(ख) देश की सुंदरता की हैं।<br>(ग) देश के गौरवशाली अतीत, वर्तमान एवं भविष्य की हैं।<br>(घ) भारत की प्राचीनता की हैं।<br>(ii) कवि को आज भी भारत वासियों में चिह्न दिखाई दे रहे हैं,-<br>(क) उच्चता के। (ख) विद्वत्ता के।<br>(ग) नम्रता के। (घ) प्रगतिशीलता के।<br>(iii) आर्यों की विशिष्टताओं में सम्मिलित नहीं है -<br>(क) विद्वत्ता (ख) कलाकारी<br>(ग) चरित्रहीनता (घ) कौशलों के गुण | 5 |

| | | |
|---|---|---|
| | (iv) आर्यों की सन्तान की आज स्थिति कैसी है?<br>(क) प्रगतिशील (ख) अवनत<br>(ग) शान्तिमय (घ) गौरवशाली<br>(v) ''यह पुण्यभूमि प्रसिद्ध है'' में अलंकार है, –<br>(क) अनुप्रास (ख) यमक<br>(ग) रूपक (घ) उपमा | |
| | **( मुक्त पाठ)**<br>**(*कृपया सुनिश्चित करें कि इस विषय का मुक्त पाठ इस प्रश्न पत्र के साथ उपलब्ध है)**<br>**विषय–पर्यावरण संरक्षण** | |
| 3(a) | 'जान हैं जहान है' का पालन करते हुए पैदल चलना हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है। कोई ऐसी पाँच गतिविधियाँ लिखिए जिनमें हम वाहनों का प्रयोग न करते हो? | 5 |
| 3(b) | चेन्नई की तुलना में मोटर वाहनों द्वारा उत्सर्जित प्रदूषण दिल्ली में अधिक होने के कारणों तथा उसे रोकने के उपायों का उल्लेख कीजिए। | 5 |
| | **खण्ड-ख ( व्यावहारिक व्याकरण )** | |
| 4 | (i) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए –<br>(क) 'दुर्दिन' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग और मूल शब्द लिखिए।<br>(ख) 'अन' उपसर्ग लगाकर एक शब्द बनाइए।<br>(ग) 'नैसर्गिक' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय और मूल शब्द लिखिए।<br>(घ) 'ग्रस्त' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए।<br>(ii) निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए।<br>(क) जन्मांध (ख) परमानंद (ग) चतुरानन | 7 |
| 5 | (i) अर्थ के आधार पर निम्नलिखित वाक्यों की पहचान करके उनके भेद लिखिए।<br>(क) क्या कल से ठंड बढ़ जाएगी।<br>(ख) आह! मेरे पैर में बहुत दर्द है।<br>(ii) निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए।<br>(क) क्या तुमने रवीन्द्र को पढ़ाकर नौकरी दिलवाई ? (विधानवाचक में)<br>(ख) वह घर जाते ही काम में लग गया। (संदेहवाचक में) | 4 |
| 6 | निम्नलिखित पद्यांशों में प्रयुक्त अलंकारों की पहचान कर उनके नाम लिखिए।<br>(क) सोभा-सिंधु न अंत रही री | 4 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (ख) छुअत टूट रघुपति नहि दोसू<br>(ग) सुनियत सेतु पयोधि पषाननि करि कपि-कटक तरो<br>(घ) वही उठती उर्मियों-सी शैलमालाएँ | |
| | | **खण्ड-ग ( पाठ्य-पुस्तक )** | |
| 7 | | **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - (2+2+1)**<br>हम लोग उस कुत्ते के आनन्द को देखने लगे। किसी ने उसे राह नहीं दिखाई थी, न उसे यह बताया था कि उसके स्नेह-दाता यहाँ से दो मील दूर गए हैं और फिर भी वह पहुँच गया। इसी कुत्ते को लक्ष्य करके उन्होंने 'आरोग्य' में इस भाव की एक कविता लिखी थी- 'प्रतिदिन प्रातः काल यह भक्त कुत्ता स्तब्ध होकर आसन के पास तब तक बैठा रहता है, जब तक अपने हाथों के स्पर्श से मैं इसका संग नहीं स्वीकार करता। इतनी-सी स्वीकृति पाकर ही उसके अंग-अंग में आनंद का प्रवाह बह उठता है।<br>(1) स्नेह-दाता शब्द का प्रयोग किनके लिए हुआ है और क्यों ?<br>(2) आरोग्य में लिखित कविता का भाव अपने शब्दों में लिखिए।<br>(3) कुत्ता गुरुदेव के पास क्यों बैठा रहता था ? | 5 |
| | | **निज़लिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| 8 | | यूथभ्रष्ट शब्द का क्या अर्थ है और ''एक कुत्ता और एक मैना'' पाठ में कौन यूथभ्रष्ट वर्णित हुआ है ? | 2 |
| | | ''नाना साहब की पुत्री देवी मैना को भस्म कर दिया गया,'' पाठ में निहित संदेश को अपने शब्दों में लिखिए। | 2 |
| | | ''सख्त चीज को ठोकर मारना'' पंक्ति द्वारा लेखक ने किस ओर संकेत किया है? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | | सुभद्रा कुमारी जी के छात्रावास से जाने के बाद उनकी जगह कौन आया? पठित पाठ के अनुसार उसका वर्णन लिखिए। | 2 |
| | | ''एक कुत्ता और एक मैना'' पाठ के आधार पर गुरुदेव के व्यक्तित्व की दो प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए। | 2 |
| 9 | | **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**<br>चुप खड़ा बगुला डुबाए टाँग जल में,<br>देखते ही मीन चंचल<br>ध्यान-निद्रा त्यागता है,<br>चट दबा कर चोंच में<br>नीचे गले के डालता है।<br>एक काले माथ वाली चतुर चिड़िया | 5 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | श्वेत पंखों के झपाटे मार फौरन<br>टूट पड़ती है भरे जल के हृदय पर,<br>एक उजली चटुल मछली<br>चोंच पीली में दबा कर<br>दूर उड़ती है गगन में!<br>(1) बगुले का ध्यान क्यों भंग हो जाता है ?<br>(2) चिड़िया मछली का शिकार किस प्रकार करती है ?<br>(3) चिड़िया कैसी थी ? | |
| | | **निज़्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए-** | |
| | 10 | 'चंद्र गहना से लौटती बेर' कविता में कवि ने भूमि के कौन-कौन से रूपों का वर्णन किया है ? | 2 |
| | | ''यमराज की दिशा'' कविता के आधार पर लिखिए कि कवि के अनुसार ईश्वर से प्राप्त सलाहों का उनकी माँ क्या उपयोग किया करती थीं ? | 2 |
| | | ''बच्चे काम पर जा रहे हैं'' नामक कविता के आधार पर बताइए कि कवि ने समाज को किस ओर जगाने का किस प्रकार प्रयत्न किया है ? स्पष्ट कीजिए। | 2 |
| | | लता अपनी व्याकुलता किस प्रकार प्रकट करती है और 'मेघ आए' कविता में वह किसका प्रतीक है? | 2 |
| | | मेघों के आने को 'मेघ आए' कविता में उनका बन-ठन कर आना क्यों बताया गया है ? पठित कविता के आधार पर लिखिए। | 2 |
| | 11 | भारतीय समाज में उमा की व्यथा आज हर लड़की की समस्या है। आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? तथा इस प्रकार की स्थितियों में किस तरह सुधार लाना चाहेगें ? 'रीढ़ की हड्डी' एकांकी के आधार पर लिखिए। | 5 |
| | | **खण्ड-घ ( लेखन )** | |
| | | **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में निबन्ध लिखिए-** | |
| | 12 | **आरक्षण :**<br>(1) भूमिका<br>(2) आरक्षण क्या है ?<br>(3) आरक्षण की सुविधाएँ<br>(4) समान अधिकार | 10 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | (5) उपसंहार | |
| | | **अथवा** | |
| | | **दिनोंदिन बढ़ता मानसिक तनाव :**<br>(1) भूमिका<br>(2) मानसिक तनाव का आशय<br>(3) तनावग्रस्त जीवन<br>(4) भागदौड़ भरी जिंदगी<br>(5) उपसंहार | 10 |
| | | **अथवा** | |
| | | **२१वीं सदी में बढ़ते एकल परिवार :**<br>(1) भूमिका<br>(2) समाज का बदलता रूप<br>(3) आर्थिक विवशताएँ एवं सीमित क्षेत्र<br>(4) एकल परिवार की विवशता<br>(5) उपसंहार | 10 |
| | 13 | आपके विद्यालय में सफाई अभियान चलाया गया जिसमें आपने भी श्रमदान किया। आस पास के क्षेत्रों की खूब सफाई की गई तथा लोगों को सफाई के महत्व के बारे में बताया गया। इन सभी गतिविधियों का वर्णन करते हुए अपनी बड़ी बहन को पत्र लिखिए। | 5 |
| | 14 | आप एक कार दुर्घटना के चशमदीद गवाह हैं। इस दुर्घटना का वर्णन करते हुए प्रतिवेदन तैयार कीजिए। | 5 |
| | | | |
| | | -o0o0o0o- | |